
RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



अगर खो जाऊं, तो मुझे शिखर के पास पहुंचा देना: जाह्नवी कपूर

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 154 | SATURDAY DATE 27-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## केरल में अब हमारी सरकार है, विकास कार्यों में आएगी तेजी : प्रियंका गांधी

**मलप्पुरम, यूटर्न/ 26 जून ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को केरल के तुव्वूर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए नवनिर्मित प्लेटफॉर्म शेल्टर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रियंका गांधी ने वायनाड के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब राज्य में उनकी पार्टी की सरकार होने से विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।



## राम मंदिर दान मामले की एफआईआर 'दिखावा', बड़े लोगों को बचाया जा रहा: केजरीवाल

» **अयोध्या, यूटर्न/ 26 जून ।**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर में दान के कथित गबन और आभूषणों की चोरी के मामले में दर्ज एफआईआर पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में केवल छोटे कर्मचारियों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि बड़े जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने सभी देशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि राम मंदिर में दान के कथित गबन और सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी के मामले में जो भी दोषी हो, उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले। अयोध्या पुलिस द्वारा गुरुवार शाम दर्ज की गई एफआईआर पर प्रतिक्रिया देते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह कार्रवाई केवल औपचारिकता और लोगों को भ्रमित करने का प्रयास है। उनके मुताबिक, इस मामले में आठ छोटे कर्मचारियों की गिरफ्तारी की गई है, जबकि इतना बड़ा और लंबे समय तक चलने वाला कथित घोटाला केवल निचले स्तर के कर्मचारियों के बूते संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इस पूरे मामले के तार ऊंचे स्तर तक जुड़े हो सकते हैं, लेकिन बड़े लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है और पूरा दोष छोटे कर्मचारियों पर डाला जा रहा है।



> केजरीवाल ने कहा कि यह कार्रवाई केवल औपचारिकता और लोगों को भ्रमित करने का प्रयास है। उनके मुताबिक, इस मामले में आठ छोटे कर्मचारियों की गिरफ्तारी की गई है।

## संक्षिप्त ताजा खबरें

### वाराणसी से स्पाइसजेट की सभी उड़ानें बंद: महंगे एटीएफ से परिचालन ठप

**वाराणसी, यूटर्न/ 26 जून ।** वाराणसी हवाई अड्डे से स्पाइसजेट की सभी नियमित उड़ानें अनिश्चितकाल के लिए बंद हो गई हैं। एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की लगातार बढ़ती कीमतों और परिचालन लागत में वृद्धि के कारण एयरलाइन ने फैसला लिया है। मुंबई जाने वाली स्पाइसजेट की अंतिम उड़ान के रवाना होने के साथ ही बनारस से कंपनी की सेवाएं समाप्त हुई। कंपनी ने पहले 25 जून को अंतिम उड़ान संचालित करने की घोषणा की थी। स्पाइसजेट, जो अब तक वाराणसी से करीब 14-15 उड़ानें संचालित कर रही थी, ने अपने सभी विमानों को दिल्ली और मुंबई के हैंगर पर लगा दिया है। महंगी हवाई यात्रा के कारण यात्रियों की संख्या में भी गिरावट देखी जा रही है, जिसने फैसले में भी भूमिका निभाई। इससे पहले स्पाइसजेट दिल्ली, मुंबई और पुणे जैसे कई प्रमुख शहरों के लिए सेवाएं दे रही थी। फिलहाल वाराणसी हवाई अड्डे से इंडिगो, एयर इंडिया और आकासा एयर अपनी उड़ानें मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए संचालित कर रही हैं।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी पर आरबीआई का नया नियम: ग्राहकों को 25,000 तक मुआवजा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब यूपीआई, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट या क्रेडिट कार्ड जैसे डिजिटल माध्यमों से हुए घोटालों में ग्राहकों को 25,000 रुपये तक का मुआवजा मिल सकेगा, भले ही धोखाधड़ी में आंशिक रूप से उनकी लापरवाही भी शामिल हो। यह कदम तब उठाया गया है जब ऑनलाइन फ्रॉड के पीड़ितों के लिए अपने खोए हुए पैसे की रिकवरी अक्सर जटिल प्रक्रिया होती है। 24 जून, 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार, नियम 1 जनवरी, 2027 से प्रभावी होगा और उस तारीख को या उसके बाद किए गए सभी इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन पर लागू होगा। यह प्रावधान स्मॉल फाइनेंस बैंकों, पेमेंट बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और स्थानीय क्षेत्र बैंकों को छोड़कर सभी वाणिज्यिक बैंकों पर लागू होगा।

# ड्रग्स तस्करों पर सख्ती, नशे के शिकार लोगों के लिए सहानुभूति : अमित शाह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।**

अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग और अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में नारकोटिक्स कंट्रोल (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने देश को नशे के खतरे से बचाने के लिए तैयार किए गए 'विजन डॉक्यूमेंट ऑन नारकोटिक्स कंट्रोल' का भी शुभारंभ किया। संबोधन में अमित शाह ने कहा कि देश आज नशे के खिलाफ लड़ाई के बेहद निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और आने वाले तीन साल बेहद अहम होंगे।

अमित शाह ने कहा कि 26 जून भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिन है। एक ओर देश नशे के खिलाफ प्रभावी रोडमैप तैयार कर रहा है, वहीं आज महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती भी है। 'बंकिम बाबू' ने गुलामी के दौर में देश के आत्मविश्वास को जगाने का काम किया और 'वंदे मातरम' जैसी अमर रचना दी।

उन्होंने कहा, ''वंदे मातरम' केवल एक नारा या गीत नहीं है। यह भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रभक्ति और देश के पुनर्निर्माण का मंत्र है। आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का सबसे बड़ा उद्घोष भी 'वंदे मातरम' ही था। इतिहास गवाह है कि देश के अनेक स्वतंत्रता सेनानी फांसी के फंदे पर चढ़ते समय भी अपने अंतिम शब्द के रूप में 'वंदे मातरम' का ही उच्चारण करते थे।' गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की समस्या केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। उन्होंने कहा कि देश के अगले 100 वर्षों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सभी सरकारों, विभागों, संतों, युवाओं और मातृशक्ति को एक मंच पर आकर संयुक्त रूप से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई में समाज के हर वर्ग की भागीदारी बेहद जरूरी है। अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों से अपील की कि राष्ट्रीय नशीले पदार्थ समन्वय पोर्टल (एनसीओआरडी) की बैठकों को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें पूरी तरह परिणाम-उन्मुख बनाया जाए। उन्होंने कहा कि बैठकों में लिए गए फैसलों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, उनकी नियमित समीक्षा हो और कमियों का गंभीर विश्लेषण किया जाए, तभी वास्तविक सफलता मिलेगी। उन्होंने रियल-टाइम सूचना साझा करने पर भी विशेष जोर दिया।

अमित शाह ने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इसके लिए कई डिजिटल पोर्टल विकसित किए हैं। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि सभी ड्रग्स से जुड़े मामलों का विवरण समय पर इन पोर्टल्स पर अपलोड किया जाए, ताकि केंद्र सरकार लगातार निगरानी कर आवश्यक सुझाव और फीडबैक दे सके। गृह मंत्री ने कहा कि आज का नारकोटिक्स नेटवर्क लगातार विकसित हो रहा है।



## 1947 में मुस्लिम लीग के आगे समर्पण से शुरू होता है 'कांग्रेस के सरेंडर का कैलेंडर' : सुधांशु त्रिवेदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।**

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर शुक्रवार को जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का 'सरेंडर का कैलेंडर' 1947 में भारत को दो टुकड़ों में बांटकर मुस्लिम लीग के आगे समर्पण से शुरू होता है। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 1947 में भारत के दो टुकड़े करके मुस्लिम लीग के आगे समर्पण से शुरू होकर, 1948 में पाकिस्तान को पीओके सौंपना, 1962 में चीन को अक्साई चिन सौंपना, लगभग असम को सौंप ही दिया था, मानसरोवर क्षेत्र को सौंपना और फिर कच्चातिवु द्वीप को सौंपना- यह कांग्रेस के सरेंडर की एक दुखद श्रृंखला है, जिसे भारत को हमेशा याद रखना चाहिए। भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस के सरेंडर के कैलेंडर का एक और ऐतिहासिक काला अध्याय है। आज ही के दिन 26 जून 1974 को तमिलनाडु के पास स्थित कच्चातिवु द्वीप को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भारत से अलग करके श्रीलंका को सौंप दिया था। इसके कारण तमिलनाडु के मछुआरों को आज भी अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहां एक ईसाई तीर्थस्थल सेंट एंटोनी चर्च है, जहां यदि मछुआरे अपनी नाव पर भारत का ध्वज लगाकर जाते हैं, तो उन्हें अनुमति नहीं मिलती।



ट्रेंडिंग न्यूज

### योगी के नोएडा दौरे पर 2478 करोड़ की 70 परियोजनाओं की सौगात, नए प्रशासनिक भवन का करेंगे लोकार्पण

ट्रेंडिंग न्यूज

**नोएडा, यूटर्न/ 26 जून ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह नोएडा में कुल 2,478 करोड़ रुपये की 70 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें 1,045 करोड़ रुपये की 5 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 1,434 करोड़ रुपये की 65 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री का यह दौरा नोएडा और आसपास के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## विपक्ष के नेता के तौर पर मेरा दो वर्ष का हर दिन जनता की आवाज सत्ता तक पहुंचाने को समर्पित : राहुल



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में श्री राहुल गांधी के दो वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि इस दौरान उन्होंने युवा, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और गरीबों समेत समाज के हर वर्ग की आवाज उठाई तथा सड़क से संसद तक जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि श्री गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में आज दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस यात्रा में उन्होंने युवा, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और गरीबों समेत हर वर्ग की आवाज उठाई तथा सड़क से संसद तक जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ी।

# 'जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराएं अधिकारी', सीएम योगी ने दिए सख्त निर्देश



**गोरखपुर, यूटर्न/ 26 जून ।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर समस्या का शीघ्र समाधान कराएं। लोगों की शिकायतों को संवेदनशीलता से लेकर संतुष्टिप्रद निस्तारण सुनिश्चित कराने में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए।

## पासपोर्ट और आधार को मिले नागरिकता के पक्के सबूत की मान्यता, कानून में करें संशोधन : शशि थरूर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को भारतीय पासपोर्ट की कानूनी स्थिति को लेकर चल रहे विवाद को खत्म करने के लिए कानून में संशोधन की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि पासपोर्ट और आधार कार्ड दोनों को भारतीय नागरिकता के वैधानिक प्रमाण के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए, जब तक कि उन्हें राज्य द्वारा रद्द या वापस नहीं ले लिया जाता। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'विदेश मंत्रालय के उस हालिया बयान पर सवाल उठाए हैं, जिसमें कहा गया है कि भारतीय पासपोर्ट मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है, न कि भारतीय नागरिकता का पक्का प्रमाण है।

# कुरुक्षेत्र के विकास नगर में नहीं हुआ विकास, पार्क बनी जोहड़, लोगों की मकान में आई दरारें





**पानीपत, यूटर्न/ 26 जून ।** कुरुक्षेत्र के विकास नगर कॉलोनी में लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए अधिकारियों के ऑफिस चक्कर काटने पड़ रहे हैं कॉलोनी वासियों को सीवरेज के पानी की व्यवस्था न होने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है कॉलोनी वासियों का कहना है कि यह कॉलोनी 1984 से अप्रूव्ड है लेकिन यहां पर किसी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं हुआ कॉलोनी वासियों का कहना है कि यहां पर काफी समय से सीवरेज के पानी की व्यवस्था न होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लोगों को घरों में बदबू आती है और बीमारी होने का भी डर रहता है वहीं लोगों ने कहा कि कॉलोनी में जो पार्क है वहां पर लोगों के घरों का पानी जाता है जिस वजह से पार्क पूरी तरह से जोहड़ में तब्दील हो चुकी है इसको देखकर लगता ही नहीं कि यह एक पार्क है वहीं पार्क के आसपास बने घरों में पानी इकट्ठा होने की वजह से दरारें आ चुकी है कॉलोनी वासियों का कहना है कि वह अपनी समस्याओं को लेकर कई बार अधिकारीयों, डीसी, और मंत्रियों से भी मिले लेकिन समस्या का किसी ने भी कोई समाधान नहीं किया है लोगों का कहना है कि वह म्यूनिसिपल कमेटी का हर टैक्स देते हैं लेकिन सुविधाएं उनको कुछ भी नहीं मिलती है जिस वजह से वह काफी परेशान है कॉलोनी वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाए और कॉलोनी में सीवरेज के पानी की व्यवस्था की जाए।

# सीएम विंडो की शिकायतों पर अधिकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान सुनिश्चित करें: डीसी

### सीएम विंडो शिकायतों पर सख्त हुए उपायुक्त, एक सप्ताह में लंबित मामलों के निस्तारण के दिए निर्देश

» **निर्मल सिंह विर्क**



पानीपत, यूटर्न/ 26 जून । मुख्यमंत्री कार्यालय की सीएम विंडो एवं जनसंवाद पोर्टल और समाधान शिविर पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभाग अनुसर्व शिकायतों के निस्तारण की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिले में सीएम विंडो एवं जनसंवाद और समाधान शिविर से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने आयुक्त एवं सचिव को विश्वास दिलाया कि जिन शिकायतों का समाधान अभी शेष है, उनका भी निर्धारित समय सीमा के भीतर, एक सप्ताह के अंदर निस्तारण सुनिश्चित कर दिया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिला सचिवालय सभागार में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विभाग की पेंडेंसी का विस्तार से अवलोकन किया तथा अधिकारियों से यह स्पष्ट करने को कहा कि जिन मामलों का समाधान संभव है, वे अभी तक लंबित क्यों हैं। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक पेंडेंसी स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने विशेष रूप से वर्ष 2025 से लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त किया जाए ताकि लोगों को समय पर न्याय और राहत मिल सके। उपायुक्त ने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें तथा समाधान के बाद पोर्टल पर तथ्यात्मक एवं संतोषजनक रिपोर्ट अपलोड करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी समयबद्धता, इसलिए केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं बल्कि वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि सीएम विंडो और जनसंवाद पोर्टल जनता एवं सरकार के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम हैं। प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। जिन विभागों में पेंडेंसी है, वे उसकी नियमित समीक्षा करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी शेष मामलों का निस्तारण करें। विशेष रूप से वर्ष 2025 से लंबित शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक समाधान किया जाए। जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण ही सुशासन की पहचान है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## कोचिंग सेंटरों में फिर मिलीं खामियां, 11 को नोटिस जारी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 26 जून ।** लखनऊ कोचिंग सेंटर में हुए आग हादसे के बाद से गाजियाबाद में शुरू हुए दमकल के अभियान में बृहस्पतिवार को भी जिले के 11 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किए गए। वहीं, चेकिंग अभियान के में सामने आया कि कई संचालक कार्रवाई के डर से कोचिंग सेंटर बंद करके भाग चुके हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने राहुल पाल ने बताया कि बृहस्पतिवार को ट्रांस हिंडन जोन में 12 और सिटी व ग्रामीण जोन में 10 कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण किया गया। इनमें से तीनों जोन के मिलाकर 11 संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है। बाकी 11 कोचिंग सेंटरों में से कई मौके पर बंद मिले। उन्होंने बताया कि जिन्हें नोटिस भेजे गए हैं वहां दमकल उपकरणों की खस्ताहाल और फायर सिस्टम नहीं मिले। इसके अलावा कोचिंग सेंटर की छतों के दरवाजे बंद मिले और सीढ़ियों पर सामान भरा मिला। आपातकालीन मार्ग भी नहीं था। सीएफओ ने बताया कि स्थानीय पुलिस से भी उनकी जांच के लिए सहयोग मांगा गया है। संस्थान खुलने पर जांच की जाएगी और खामियां मिलने पर नोटिस की कार्रवाई की होगी।

## डीलरशिप का झांसा देकर 6.52 लाख की साइबर ठगी, दो धरे

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 26 जून ।** इलेक्ट्रिक स्कूटर की डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर 6.52 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के भोपाल निवासी तेजस कुमार और उत्तर प्रदेश के लालगंज निवासी प्रिंस गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने तेजस को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं प्रिंस को छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि तेजस कुमार के बैंक खाते में ठगी के 4.75 लाख रुपये आए थे। वहीं प्रिंस गुप्ता ने तेजस के बैंक खाते और उससे जुड़े दस्तावेज साइबर ठगों को दिए थे। दोनों की पहचान क्रिकेट खेलने के दौरान हुई थी। पुलिस के अनुसार जीवन नगर-2, गौच्छी निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसने पांच जनवरी को गूगल पर इलेक्ट्रिक स्कूटर की डीलरशिप के बारे में सर्च किया था। इसके बाद एक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किया। बाद में 28 जनवरी को प्रोसेस फीस के नाम पर 1.77 लाख और 30 जनवरी को एनओसी के नाम पर 4.75 लाख ट्रांसफर करवा लिए गए। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## लाइट जाने पर 13 मिनट तक लिफ्ट में फंसा रहा डिलीवरी ब्वॉय

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 जून ।** सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सोसायटी में बृहस्पतिवार को लाइट जाने पर डीजी सेट से आपूर्ति नहीं हो सकी। जिस कारण लिफ्ट में 13 मिनट तक डिलीवरी ब्वॉय फंसा रहा। घटना सी-8 टावर की बताई जा रही है। अन्य कई टावरों में भी लोग फंसे रहे। बिजली आपूर्ति होने के बाद ही लोग बाहर निकल सके, तब लोगों के जान में जान आई। लोगों में मेंटीनेंस विभाग की लापरवाही के खिलाफ रोष है। इंटरनल फॉल्ट के कारण सुबह 7.45 के आसपास विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

# गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा



**पानीपत, यूटर्न/ 26 जून ।** ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में जिला परिषद के सौजन्य से गांव सिवाह में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्यअतिथि पधारे। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए बेंच वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार गांवों के समग्र विकास और पंचायतों को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर में सुधार आए और गांव विकास की मुख्यधारा से और अधिक मजबूती से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। पानी के टैंकर और सार्वजनिक बेंच जैसी सुविधाएं केवल संसाधन नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी गांवों के विकास के लिए इसी प्रकार की योजनाएं निरंतर लागू की जाती रहेंगी।



# सिख गुरुओं के सम्मान पर कोई समझौता नहीं: डॉ. जगविंदर सिंह विर्क

**प्रमोद कौशिक/कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 26 जून ।** पंजाब की राजनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के प्रमुख व्यक्तित्व डॉ. जगविंदर सिंह विर्क ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा सिख गुरुओं के प्रति कथित अनादर के मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।



उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का सम्मान करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा विषय है और इस पर किसी भी प्रकार की असंवेदनशील टिप्पणी स्वीकार्य नहीं हो सकती। डॉ. विर्क ने कहा कि सिख गुरुओं ने मानवता को सेवा, त्याग और समानता का संदेश दिया है, इसलिए सभी राजनीतिक दलों और नेताओं को धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन धार्मिक आस्था और गुरुओं के सम्मान के विषय पर मयार्दा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

डॉ. जगविंदर सिंह विर्क भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कूटनीति, व्यापार और प्रवासी संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट के रणनीति प्रमुख रह चुके हैं तथा भारत- ऑस्ट्रेलिया संबंधों को मजबूत बनाने में उनका अहम योगदान रहा है।




# व्यापारियों के हितों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता : चेयरमैन राजेश ठकराल

» **हरियाणा, यूटर्न/ 26 जून ।**

हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेश ठकराल ने शुक्रवार को स्थानीय नई सब्जी मंडी का दौरा कर व्यापारियों और आढ़तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने मंडी में मौजूद व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी दैनिक कार्यप्रणाली में आ रही परेशानियों की जानकारी ली। दौरे के दौरान व्यापारियों ने मंडी में विशेष रूप से माशाखोरों की समस्या, बिजली व्यवस्था तथा स्थान संबंधी दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया। इस पर राजेश ठकराल ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मार्केट कमेटी सचिव बसाऊ राम तथा मंडी प्रधान अनिल चावला को मौके पर बुलाया और संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर उनका तत्काल समाधान करवाया।

वीरवार सायं हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेश ठकराल का मंडी सैनीयन में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

लोगों ने उन्हें फूल मालाएं पहना कर सम्मानित किया। मौके पर मंडी प्रधान अनिल चावला, मार्केट कमेटी के अधिकारी, अनेक व्यापारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# रिपोर्ट दर्ज कराने में असफल दुष्कर्म प्रयास पीड़िता के लिए आगे आये चर्चित अधिवक्ता प्रेम दुबे

» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 26 जून । इस महानगर में वासना के दरिंदो की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। वह आए दिन किसी न किसी लड़की को अपना शिकार बनाने में सफल हो रहे हैं। ऐसी ही एक और घटना का शिकार एक और युवती हो गई।

यह मामला चौबेपुर थाना क्षेत्र का है ,जहां गांव में रहने वाली युवती ने गांव के ही एक युवक पर जबरन पकड़कर अश्लील हरकत करने और दुष्कर्म का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। उसका आरोप यह भी है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने न तो प्राथमिकी दर्ज की है और न ही आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई की है। जिसके खिलाफ हर किसी के सुख-दुख में सदैव खड़े होने वाले समाज सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी और पीड़ितों




को हर हाल में न्याय दिलाने के लिए भी चर्चित तेजतर्रार और व्यवहार कुशल अधिवक्ता प्रेम नारायण दुबे ने भी पुलिस के खिलाफ जोरदार मोर्चा खोल दिया है। आयोजित प्रेस वार्ता में अपने अधिवक्ता प्रेम नारायण दुबे के माध्यम से पीड़िता ने बताया कि उसके पिता ई-रिक्शा चालक हैं। आरोप है कि 10 जून की रात वह अपने पिता के ई-रिक्शा का चार्जर निकालकर घर में रखने जा रही थी, तभी गांव निवासी जय तिवारी अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और उसे जबरन पकड़ लिया।

युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं तथा दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों के आने की आहट पाकर आरोपी और उसके साथी मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने डायल-112 पर सूचना दी और थाना चौबेपुर में शिकायत दर्ज कराई।

# कुरुक्षेत्र के विकास नगर में नहीं हुआ विकास, पार्क बनी जोहड़

## लोगों की मकान में आई दरारें, मूलभूत सुविधाओं के लिए काटने पड़ रहे अधिकारियों के चक्कर

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 26 जून । कुरुक्षेत्र के विकास नगर कॉलोनी में लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए अधिकारियों के ऑफिस चक्कर काटने पड़ रहे हैं कॉलोनी वासियों को सीवरेज के पानी की व्यवस्था न होने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है कॉलोनी वासियों का कहना है कि यह कॉलोनी 1984 से अप्रूव्ड है लेकिन यहां पर किसी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं हुआ कॉलोनी वासियों का कहना है कि यहां पर काफी समय से सीवरेज के पानी की व्यवस्था न होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लोगों को घरों में बदबू आती है और बीमारी होने का भी डर रहता है वहीं लोगों ने कहा कि कॉलोनी में जो पार्क है वहां पर लोगों के घरों का पानी जाता है जिस वजह से पार्क पूरी तरह से जोहड़ में तब्दील हो चुकी है इसको देखकर लगता ही नहीं कि यह एक पार्क है वहीं पार्क के आसपास बने घरों में पानी इकट्ठा होने की वजह से दरारें आ चुकी है कॉलोनी वासियों का कहना है कि वह अपनी समस्याओं को लेकर कई बार अधिकारीयों, डीसी, और मंत्रियों से भी मिले लेकिन समस्या का किसी ने भी कोई समाधान नहीं किया है लोगों का कहना है कि वह म्युनिसिपल कमेटी का हर टैक्स देते हैं लेकिन सुविधाएं उनको कुछ भी नहीं मिलती है जिस वजह से वह काफी परेशान है कॉलोनी वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाए और कॉलोनी में सीवरेज के पानी की व्यवस्था की जाए।

# 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' की रणनीति पर काम करें कार्यकर्ता : डॉ. अर्चना

## कार्यकताओं के बल पर ही भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : डॉ. अर्चना गुप्ता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का हिसार पहुंचने पर भव्य स्वागत, अग्रसेन भवन में हुआ अभिनंदन

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 26 जून । भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का हिसार आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत किया। शहर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा, जयघोष और उत्साहपूर्ण स्वागत के बीच उनका अभिनंदन किया गया। अग्रसेन भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को साकार करते हुए वैश्विक मंच पर अपनी पहचान नई




ऊंचाइयों तक पहुंचाई है। आज भारत केवल दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला देश नहीं, बल्कि विश्व को नई दिशा दिखाने वाला राष्ट्र बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ'न किया कि वे पार्टी की मजबूती के लिए काम करें, अपने बूथ को मजबूत रखें और 'बूथ जीता तो चुनाव जीता' की रणनीति पर काम करें। उन्होंने कहा कि पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी को यहां तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र पर कार्य कर रही है। गरीब, किसान, महिला, युवा तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। सेवा, संस्कार और समर्पण ही राष्ट्र निर्माण का आधार हैं और भारतीय जनता पार्टी इसी भावना के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं गतिशील होगा। पार्टी कार्यकर्ता संगठन के प्रति समर्पित है और संगठन की मजबूती के लिए दिन रात कार्य कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि हिसार में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों में भारी उत्साह दिखाई दिया है। यह उत्साह वह भाजपा के प्रति जनता के गहरे विश्वास का प्रमाण है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम हिसार आगमन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# सांसद नवीन जिन्दल के जलसेवा अभियान के तहत कलायत बस स्टैंड के नजदीक वाटर कूलर का किया गया उद्घाटन

» रवि जैस्ट

कलायत, यूटर्न/ 26 जून । सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लोगों को साफ और ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलायत बस स्टैंड के नजदीक वाटर कूलर का उद्घाटन अंकित राणा चेयरमैन नगरपालिका कलायत ने किया।

इस मौके पर अंकित राणा ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल हमेशा जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए चलाया जा रहा



उनका जलसेवा अभियान बहुत अच्छी पहल है। इससे खासकर गर्मी के मौसम में आम लोगों को काफी राहत मिल रही है। कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल अपने निजी कोष से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के बस स्टैंड, चौक और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगवा रहे हैं। इससे रोजाना हजारों यात्री, विद्यार्थी, किसान, मजदूर, दुकानदार और आम नागरिकों को साफ पीने का पानी आसानी से मिल सकेगा। सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक सराहनीय कदम है।

इस अवसर पर जयदीप राणा वरिष्ठ नेता भाजपा, ऋषिपाल उप चेयरमैन मार्किट कमेटी कलायत, राकेश कंसल जिला कार्यकारिणी सदस्य, मेनपाल राणा सीएम विंडो नॉमिनेट पर्सन, राजेश बेदी नॉमिनेट पार्षद, प्रवीण नॉमिनेट पार्षद, राजीव यादव पार्षद, राजेश जस्ट पूर्व पार्षद, राजा राणा पार्षद, राहुल राणा, नीटू राणा आईटी प्रमुख, सोनू शर्मा, राजीव धीमान, विरेन्द्र सारन हल्का प्रभारी कलायत और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कश्यप राजपूत भवन कुरुक्षेत्र के 46वें स्थापना दिवस पर 28 जून को होगा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

## कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा होंगे मुख्य अतिथि, मेधावी छात्रों को किया जाएगा सम्मानित



» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 26 जून । कश्यप राजपूत भवन, कुरुक्षेत्र के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 जून को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मैं उनके साथ वशिष्ठ अतिथि विधायक रामकुमार कश्यप, चेयरमैन सुभाष कलसाना,पूर्व मंत्री सुभाष सुधा और भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी उपस्थित होंगे कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, खेल, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी कश्यप राजपूत भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कश्यप राजपूत सभा 25 के प्रधान एडवोकेट राजबीर कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों से समाज के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। प्रधान राजबीर कश्यप ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना, युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना तथा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने से अन्य बच्चों को भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में समाज के विकास, सामाजिक एकता और युवाओं की भागीदारी जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही समाज के उत्थान के लिए भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा होगी।

आयोजकों ने कश्यप राजपूत समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# नशे को त्यागने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति होना जरूरी : तहसीलदार डॉ अनिल कुमार बिढान

नशा छोड़ समाज में नई पहचान बनाने वाले लोगों को किया सम्मानित

» हरियाणा, यूटर्न/ 26 जून ।

विश्व नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय विश्वास नशा मुक्ति एवं पुनर्वास समिति के परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशा छोड़ चुके लोगों को प्रोत्साहित करना रहा।

इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए




एक गंभीर समस्या है, जो व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़ेंगे तो समाज और राष्ट्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि नशे की लत से बाहर निकलना आसान नहीं होता, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति, परिवार के सहयोग और समाज के समर्थन से इसे छोड़ा जा सकता है।

डॉ अनिल विधान ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति की सेहत को ही नहीं बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने नशा छोड़ चुके लोगों की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें और उन्हें अच्छे संस्कार व सकारात्मक वातावरण दें, ताकि वे किसी भी प्रकार के नशे की गिरफ्त में न आएं। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में तहसीलदार ने नशा त्यागकर समाज में नई पहचान बनाने वाले कई नागरिकों को सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। साथ ही कार्यक्रम के दौरान आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# सरपंचों के लिए 10,000 और 2027 की ओर मान का चुपचाप बढ़ता कदम



संदीप शर्मा

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 15 अगस्त से गांव के सरपंचों के लिए 10,000 के मासिक मानदेय की घोषणा की है। पहली नजर में यह एक सामान्य प्रशासनिक फैसला लग सकता है, लेकिन असल में यह एक चतुर राजनीतिक कदम है जो 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पंजाब के ग्रामीण इलाकों की राजनीतिक तस्वीर को काफी हद तक बदल सकता है। सालों से पंजाब भर के सरपंच शिकायत करते रहे हैं कि वे सरकारी योजनाओं को लागू करने से लेकर स्थानीय विवादों को सुलझाने और विकास कार्यों की देखरेख करने जैसी बड़ी ज़िम्मेदारियाँ तो निभाते हैं, लेकिन उन्हें इसके बदले बहुत कम आर्थिक मान्यता मिलती है। इस पुरानी मांग को पूरा करके, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कुछ हजार चुने हुए ग्राम प्रधानों को खुश करने से कहीं ज्यादा कीमती चीज हासिल की है: उसने राजनीतिक नैरेटिव (विमर्श) पर अपनी पकड़ बना ली है। पंजाब में 13,000 से ज्यादा ग्राम पंचायतें हैं। भले ही यह मान लिया जाए कि इस योजना का सीधा फायदा सिर्फ.सरपंचों को ही मिलेगा, लेकिन इसका राजनीतिक असर इन लोगों से कहीं ज्यादा है। हर सरपंच पूरे गांव का प्रतिनिधित्व करता है और ग्रामीण सामाजिक ढांचे में राय बनाने वाले एक अहम व्यक्ति के तौर पर काम करता है। कई गांवों में, रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान के लिए नागरिक सबसे पहले सरपंच से ही संपर्क करते हैं। इस प्रभावशाली वर्ग को अपने पक्ष में करने का मतलब लाखों मतदाताओं के बीच अच्छी छवि बनाना हो सकता है। राजनीति अक्सर धारणा बनाने का खेल होती है, और मान सरकार यह धारणा बनाने में सफल रही है कि वह जमीनी स्तर के नेतृत्व को महत्व देती है। ऐसे समय में जब विपक्षी दल कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और खेती-किसानी से जुड़ी दिक्कतों जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं, इस घोषणा ने लोगों की बातचीत का रुख ग्रामीण सशक्तिकरण की ओर मोड़ दिया है।

यह कदम बिहार में बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की रणनीति से काफी मिलता-जुलता है। वहां विधानसभा चुनावों से पहले, सत्ताधारी गठबंधन ने कल्याणकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं के लिए ज्यादा आर्थिक मदद की घोषणा की थी। मकसद साफ था: सामाजिक रूप से प्रभावशाली मतदाता वर्ग को एकजुट करना और सीधा राजनीतिक जुड़ाव बनाना। इस रणनीति का बहुत फायदा हुआ और महिलाएं एक निर्णायक चुनावी वोट बैंक के तौर पर उभरीं। पंजाब सरकार भी उसी राजनीतिक रणनीति का इस्तेमाल करती दिख रही है। महिला मतदाताओं को टारगेट करने के बजाय, उसने गांव के नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित किया है। इसका हिसाब-किताब सीधा है: थोड़ा-बहुत वित्तीय खर्च करें, असरदार बिचौलियों का भरोसा जीतें और पक्का करें कि सरकार की बात भरोसेमंद स्थानीय लोगों के जरिए हर घर तक पहुँचे। आलोचक कह सकते हैं कि ऐसी घोषणाएँ लोक-लुभावन राजनीति हैं और राज्य, जो पहले से ही भारी कर्ज.में डूबा है, अतिरिक्त खर्च नहीं उठा सकता। इन चिंताओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। चुनावी राजनीति के लिए वित्तीय समझदारी की बलि नहीं दी जा सकती। फिर भी, राजनीति का मतलब उन संस्थाओं को पहचानना और उन्हें पुरस्कृत करना भी है जो शासन-व्यवस्था की रीढ़ हैं। यह फैसला आखिरकार वोटों में बदलेगा या नहीं, यह तो 2027 में ही पता चलेगा। हालाँकि, एक राजनीतिक रणनीति के तौर पर यह कदम निश्चित रूप से समझदारी भरा है। कुछ हजार सरपंचों को अहमियत का एहसास कराकर, भगवंत मान शायद ग्रामीण पंजाब के राजनीतिक माहौल को प्रभावित करने में कामयाब रहे हैं।

# महिलाओं में बढ़ता तंबाकू सेवन नई पीढ़ी और समाज के लिए गंभीर चेतावनी

**विशेषज्ञों का मानना है कि तंबाकू सेवन महिलाओं में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। इससे मुंह का कैंसर गले का कैंसर फेफड़ों का कैंसर हृदय रोग उच्च रक्तचाप और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। लगातार तंबाकू सेवन करने वाली महिलाओं में दांतों और मसूड़ों की समस्याएं भी तेजी से बढ़ती हैं। त्वचा समय से पहले बूढ़ी दिखाई देने लगती है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है।**

कांतिलाल मांडोत



देश में तंबाकू सेवन को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेष रूप से महिलाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 13 राज्यों में महिलाओं द्वारा तंबाकू सेवन में वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि इसका प्रभाव परिवार बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। जिस समाज में महिलाएं परिवार की आधारशिला मानी जाती हैं वहां उनका किसी भी प्रकार के नशे की ओर बढ़ना सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कई नई समस्याओं को जन्म देता है। तंबाकू चाहे किसी भी रूप में लिया जाए वह शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। बीड़ी सिगरेट गुटखा खैनी जर्दा हुक्का और अन्य धूम्रपान या चबाने वाले उत्पादों में मौजूद निकोटिन व्यक्ति को धीरे धीरे इसकी लत का शिकार बना देता है। शुरूआत में यह केवल एक आदत लगती है लेकिन समय के साथ यह व्यसन का रूप ले लेती है और व्यक्ति इसके बिना सामान्य महसूस नहीं कर पाता। महिलाओं में यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है क्योंकि उनके शरीर की संरचना और जैविक आवश्यकताएं पुरुषों से अलग होती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि तंबाकू सेवन महिलाओं में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। इससे मुंह का कैंसर गले का कैंसर फेफड़ों का कैंसर हृदय रोग उच्च रक्तचाप और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। लगातार तंबाकू सेवन करने वाली महिलाओं में दांतों और मसूड़ों की समस्याएं भी तेजी से बढ़ती हैं। त्वचा समय से पहले बूढ़ी दिखाई देने लगती है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। कई शोधों में यह भी पाया गया है कि तंबाकू का सेवन महिलाओं के हार्मोन संतुलन को प्रभावित करता है जिससे अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए तंबाकू का सेवन और भी खतरनाक माना जाता है। यदि गर्भावस्था के दौरान महिला तंबाकू का सेवन करती है तो इसका सीधा असर गर्भ में पल रहे शिशु पर पड़ता है। इससे समय से पहले प्रसव कम वजन वाले बच्चों का जन्म और शिशु के शारीरिक तथा मानसिक विकास में बाधा जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। कई मामलों में गर्भपात और नवजात शिशु की मृत्यु का जोखिम भी बढ़ जाता है। इसलिए महिलाओं को यह समझना होगा कि उनका स्वास्थ्य केवल उनका व्यक्तिगत विषय नहीं बल्कि पूरे परिवार और भविष्य की पीढ़ी से जुड़ा हुआ है।

महिलाओं में बढ़ते तंबाकू सेवन का एक बड़ा सामाजिक प्रभाव भी दिखाई देता है। बच्चे अपने माता पिता विशेष रूप से मां के व्यवहार से सबसे अधिक सीखते हैं। यदि घर में मां तंबाकू का सेवन करती है तो बच्चों के मन में यह संदेश जाता है कि यह एक सामान्य और स्वीकार्य व्यवहार है। परिणामस्वरूप किशोरावस्था में बच्चे भी ऐसी आदतों को अपनाने लगते हैं। इस प्रकार एक व्यक्ति की बुरी आदत धीरे धीरे पूरे परिवार और समाज में फैल सकती है। आज का युवा वर्ग पहले ही अनेक प्रकार के नशों और डिजिटल प्रभावों के बीच घिरा हुआ है। ऐसे में यदि परिवार के भीतर से ही तंबाकू सेवन का उदाहरण मिलता है तो नई पीढ़ी के लिए इससे दूर रहना और कठिन हो जाता है। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति शिक्षा रोजगार और सामाजिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। इसलिए महिलाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अपने बच्चों और परिवार के लिए सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करें। ग्रामीण क्षेत्रों में तंबाकू सेवन की स्थिति अधिक चिंताजनक दिखाई देती है। आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण महिलाओं में तंबाकू सेवन की दर शहरी महिलाओं की तुलना में अधिक है। इसका एक कारण जागरूकता की कमी भी है। कई स्थानों पर आज भी तंबाकू को सामान्य जीवन शैली का हिस्सा माना जाता है और इसके दुष्परिणामों के बारे में पर्याप्त जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाती। शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता के माध्यम से इस सोच को बदलना आवश्यक है।

सरकार और स्वास्थ्य संस्थाएं लगातार तंबाकू नियंत्रण के लिए अभियान चला रही हैं। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध चेतावनी संदेश और जनजागरूकता कार्यक्रम इसके उदाहरण हैं। इसके बावजूद यदि महिलाओं में तंबाकू सेवन बढ़ रहा है तो यह संकेत है कि समाज को और अधिक गंभीरता से इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। परिवार विद्यालय सामाजिक संगठन और स्वास्थ्य विभाग मिलकर ही इस चुनौती का सामना कर सकते हैं। महिलाओं को यह समझना होगा कि तंबाकू किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। तनाव चिंता या सामाजिक दबाव से बचने के लिए यदि कोई तंबाकू का सहारा लेता है तो वह वास्तव में अपने स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा होता है। स्वस्थ जीवनशैली नियमित व्यायाम संतुलित आहार योग और सकारात्मक सामाजिक संबंध तनाव को दूर करने के कहीं बेहतर और सुरक्षित उपाय हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हर महिला अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे और तंबाकू जैसे घातक व्यसन से पूरी तरह दूरी बनाए। जो महिलाएं पहले से इसका सेवन कर रही हैं उन्हें इसे छोड़ने का संकल्प लेना चाहिए।




# वर्दी का भय या कानून का विश्वास ?

विनोद कुमार सिंह

गोड्डा की एक घटना, पत्रकार सुरक्षा और झारखंड की कानून-व्यवस्था पर उठते गंभीर सवाल

लोकतंत्र की सफलता केवल चुनावों,सरकारों और संवैधानिक संस्थाओं से नहीं मापी जाती,बल्कि इस बात से भी आंकी जाती है कि आम नागरिक स्वयं को कितना सुरक्षित, सम्मानित और स्वतंत्र महसूस करता है। जब कोई नागरिक,सामाजिक कार्यकर्ता या पत्रकार अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए भयमुक्त होकर प्रश्न पूछ सकता है, तभी लोकतंत्र वास्तव में जीवंत माना जाता है। लेकिन जब कानून की रक्षा करने वाली संस्थाओं पर ही भय पैदा करने के आरोप लगने लगें, तब लोकतंत्र के सामने गंभीर प्रश्न खड़े हो जाते हैं।

झारखंड राज्य स्थित गोड्डा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालपुर गाँव में 25 जून 2026 को सामने आई एक कथित घटना ने ऐसे ही अनेक सवालों को जन्म दिया है। आरोप है कि सादे वेश में कुछ पुलिसकर्मी बिना नंबर प्लेट वाले वाहन से गाँव पहुँचे और स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान पुलिसिया रौब दिखाया। आरोप यह भी है कि एक मान्यता प्राप्त पत्रकार द्वारा अपना परिचय पत्र दिखाने के बाद भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। यद्यपि इन आरोपों की निष्पक्ष जाँच और पुलिस प्रशासन का पक्ष सामने आना अभी शेष है, फिर भी यह घटनाक्रम लोकतंत्र, पत्रकारिता और पुलिस जवाबदेही पर व्यापक चर्चा की माँग करता है।

सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या पत्रकार भीड़ का हिस्सा है? इसका उत्तर स्पष्ट रूप से 'नहीं' है। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वह न सत्ता का प्रतिनिधि होता है और न ही विपक्ष का। उसका दायित्व जनता और शासन के बीच सूचना का सेतु बनना है। संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के अंतर्गत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो अधिकार नागरिकों को प्राप्त है, पत्रकार उसी अधिकार का सामाजिक विस्तार है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण से जुड़े पत्रकार पिछले लगभग तीन दशकों से देश की राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में सक्रिय पत्रकारिता कर रहे हैं। वे अनेक राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पत्रकार संगठनों, प्रेस एसोसिएशनों तथा पत्रकार मंचों से जुड़े रहे हैं और जनसरोकार, प्रशासनिक जवाबदेही, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा ग्रामीण भारत से जुड़े विषयों पर लगातार लेखन करते रहे हैं। ऐसे में यदि किसी वरिष्ठ और मान्यता प्राप्त पत्रकार के साथ भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार या धमकी जैसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो यह प्रश्न केवल एक व्यक्ति की गरिमा का नहीं रह जाता, बल्कि पत्रकारों की कार्य-स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा से भी जुड़ जाता है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक अवसरों पर कहा है कि प्रेस की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है। यदि पत्रकार भयमुक्त नहीं रहेगा, तो जनता तक सत्य और सूचना का प्रवाह भी बाधित होगा। इसलिए किसी पत्रकार के साथ कथित दुर्व्यवहार केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक स्वतंत्रता से जुड़ा विषय बन जाता है।

दूसरी ओर यह भी उतना ही सत्य है कि पुलिस व्यवस्था किसी भी राज्य की रीढ़ होती है। झारखंड जैसे राज्य में पुलिस की भूमिका और भी चुनौतीपूर्ण है। राज्य लंबे समय तक नक्सलवाद, संगठित अपराध, अवैध खनन, साइबर अपराध तथा सामाजिक तनावों जैसी समस्याओं से जूझता रहा है। हाल के वर्षों में झारखंड पुलिस ने अपराध नियंत्रण और उग्रवाद विरोधी अभियानों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध हथियारों की बरामदगी और साइबर अपराध के विरुद्ध कार्रवाई पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ रही हैं। गोड्डा जिला भी इससे अछूता नहीं है। जिले में समय-समय पर अवैध हथियारों, आपराधिक गिरोहों, भूमि विवादों तथा संगठित अपराधों के विरुद्ध अभियान चलाए जाते रहे हैं।

## फटाफट खबरें

### मुंबई पोर्ट का 3500 करोड़ से अधिक का मेगा प्लान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।** मुंबई पोर्ट प्राधिकरण (एमबीपीए) ने अपने 154वें स्थापना दिवस पर 3,541 करोड़ रुपये से अधिक की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का अनावरण किया है। इन पहलों का लक्ष्य कार्गो-हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाना, गैर-पोर्ट राजस्व धाराओं को मजबूत करना और बंदरगाह के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सवार्नंद सोनोवाल भी उपस्थित थे। एमबीपीए की इन परियोजनाओं में बर्थ का आधुनिकीकरण, कनेक्टिविटी अपग्रेडेशन, एक मरीना का विकास और वाटरफ्रंट सौंदर्यीकरण शामिल हैं। घोषित 3,541.29 करोड़ रुपये के निवेश के अतिरिक्त, 132.29 करोड़ रुपये की सात परियोजनाएं उद्घाटन के लिए तैयार हैं, जबकि 1,354.59 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

### रियल एस्टेट क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।** रियल एस्टेट क्षेत्र में महिलाओं की मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। अब महिलाएं केवल घर खरीदने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि डेवलपर, आर्किटेक्ट, उद्यमी और प्रॉपटेक विशेषज्ञ के रूप में भी अपनी पहचान बना रही हैं। इसके बावजूद फैसले लेने वाले शीर्ष पदों और नेतृत्व की भूमिकाओं में उनकी भागीदारी सीमित है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि रियल एस्टेट क्षेत्र में केवल 1 से 2 फीसदी महिलाएं ही नेतृत्व पदों तक हैं। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कुल आबादी में महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 48.5 फीसदी है, लेकिन निर्माण क्षेत्र में कार्यरत 7.1 करोड़ लोगों में उनकी भागीदारी केवल 10 फीसदी के आसपास है। हालांकि रियल एस्टेट से जुड़े कई पेशों में शुरुआती स्तर पर महिलाओं की भागीदारी 40 से 45 फीसदी तक पहुंच चुकी है, लेकिन करियर के मध्य चरण में बड़ी संख्या में महिलाएं कई कारणों से क्षेत्र छोड़ देती हैं। इसका सीधा असर वरिष्ठ प्रबंधन और नेतृत्व पदों पर उनकी संख्या में दिखाई देता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं की ज्यादा भागीदारी केवल समानता का मुद्दा नहीं है, बल्कि उद्योग के सतत विकास और देश की आर्थिक प्रगति के लिए भी जरुरी है।

### कोडियाक आरएस की बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।** गुणवत्तायुक्त कार निमार्ता कंपनी स्कोडा ने अपनी उच्च-प्रदर्शन वाली एसयूवी, कोडियाक आरएस की बुकिंग शुरू कर दी है। अनुमान है कि इसकी कीमत लगभग 55 से 60 लाख रुपये के बीच हो सकती है। तीन लाख रुपये की आरंभिक बुकिंग राशि के साथ, यह वाहन भारत में केवल 50 इकाइयों की सीमित संख्या में उपलब्ध होगा, जो इसे विशेष ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाता है। यह पहली बार है जब स्कोडा भारत में ऑक्टाविया आरएस के अलावा किसी अन्य आरएस मॉडल को आधिकारिक तौर पर पेश कर रही है, जिससे वाहन प्रेमियों में काफी उत्साह है। नई कोडियाक आरएस में वही दमदार दो लीटर, चार-सिलेंडर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है जो ऑक्टाविया आरएस में भी मिलता है, लेकिन यहां इसे 265 अश्वशक्ति और 400 न्यूटन मीटर टॉर्क के साथ अधिक शक्तिशाली बनाया गया है। यह इंजन सात-गति वाले स्वचालित द्वि-क्लच गियरबॉक्स और ऑल-व्हील-ड्राइव प्रणाली से लैस है, जो इसे शून्य से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार मात्र 6.3 सेकंड में प्राप्त करने में मदद करता है। इसकी अधिकतम गति 231 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो इसके खेल-उन्मुख प्रदर्शन को उजागर करती है।

# भारत के इंजीनियरिंग निर्यात ने बनाया नया रिकॉर्ड, मई में पहली बार छुआ 12 अरब डॉलर का आंकड़ा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।**



भारत के इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात मई में पहली बार 12 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार में व्यवधान के बावजूद इंजीनियरिंग निर्यात में साल-दर-साल 24.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी शुक्रवार को इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) इंडिया ने दी। सरकार के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मई 2026 में इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात 12.31 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल इसी महीने 9.89 अरब डॉलर था।

ईईपीसी इंडिया ने बताया कि मई में भारत के कुल माल निर्यात (मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट) में इंजीनियरिंग सेक्टर की हिस्सेदारी 27.2 प्रतिशत रही। निर्यात में यह मजबूत प्रदर्शन मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक मशीनरी और उपकरण, जहाज एवं तैरते ढांचे, मोटर वाहन तथा लोहा-इस्पात उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी के कारण दर्ज किया गया। मई में इंजीनियरिंग उत्पादों के 34 में से 28 श्रेणियों में निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा कि वैश्विक कंपनियां अब अपनी सप्लाई चेन को फिर से व्यवस्थित कर रही हैं ताकि किसी एक देश, विशेषकर चीन, पर अत्यधिक निर्भरता कम की जा सके। इससे भारतीय इंजीनियरिंग कंपनियों के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में वाणिज्य मंत्रालय से तेज नीति राहत, सस्ता व्यापार वित्त और बेहतर जोखिम सुरक्षा का समर्थन बेहद महत्वपूर्ण होगा। चड्ढा ने कहा कि सरकार के उचित मार्गदर्शन से भारत 2030 तक 250 अरब डॉलर के इंजीनियरिंग निर्यात लक्ष्य को हासिल कर सकता है। क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार, मई में भारतीय इंजीनियरिंग उत्पादों के लिए उत्तर अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा, जहां कुल निर्यात का 19.3 प्रतिशत गया। इसके बाद पश्चिम एशिया और उत्तर अफ्रीका क्षेत्र की हिस्सेदारी 16.7 प्रतिशत तथा यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी 15.2 प्रतिशत रही।

# एआई, क्वांटम, परमाणु और अंतरिक्ष तकनीक भारत को बनाएंगी वैश्विक महाशक्ति: डॉ. जितेंद्र सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।**



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत तेजी से अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), परमाणु, अंतरिक्ष और क्वांटम तकनीक आने वाले समय की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा तय करेंगी। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में शुरू किए गए राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) ने केवल तीन वर्षों में अपने तय लक्ष्यों में से आधे से अधिक हासिल कर लिए हैं। क्वांटम आधारित सुरक्षित संचार (क्वांटम सिक्योर कम्युनिकेशन) के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसका उपयोग रक्षा, रणनीतिक संचार, साइबर सुरक्षा और संवेदनशील सूचनाओं की सुरक्षा में किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'भारत आज उस मुकाम पर पहुंच चुका है, जहां वह कई महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में दुनिया के अग्रणी देशों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। साथ ही ऐसी क्षमताएं विकसित कर रहा है, जो आने वाले समय में आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा तय करेंगी।' डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष, परमाणु और क्वांटम तकनीक भविष्य की विश्व व्यवस्था को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

ये तकनीकें केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि रणनीतिक ताकत और भू-राजनीतिक स्थिति को भी प्रभावित करेंगी।

उन्होंने कहा कि जो देश इन तकनीकों में पीछे रह जाएंगे, वे विकास और सुरक्षा दोनों मामलों में पिछड़ने का जोखिम उठाएंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर बोलते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि एआई अब हर क्षेत्र के लिए एक जरूरी उपकरण बनता जा रहा है। आने वाले समय में इसका प्रभाव शासन, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसंधान और सार्वजनिक सेवाओं पर और अधिक बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल बुनियादी ढांचे, कंप्यूटिंग क्षमता, डेटा संसाधनों और भरोसेमंद ऊर्जा प्रणालियों में निवेश करके इस पूरे तकनीकी इकोसिस्टम को लगातार मजबूत कर रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि आधुनिक दुनिया में तकनीकी प्रगति ही विकास की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है और कोई भी देश नवाचार तथा अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाए बिना लंबे समय तक विकास नहीं कर सकता।

## अप्रिलिया ने लांच किए नए ट्रिब्यूट एडिशन मॉडल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।**

भारतीय बाजार में अप्रिलिया कंपनी ने 2 स्पोर्टी स्कूटरों, एसआर 125 और एसआर 175 के नए ट्रिब्यूट एडिशन मॉडल लॉन्च कर दिए हैं। दिल्ली में इनकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 1.17 लाख रुपये रखी गई है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि रंग और डिजाइन में बदलाव के अलावा इन स्कूटर्स के यांत्रिक फीचर्स में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है इन खास स्कूटर्स को कैमलाज लिवरी के साथ पेश किया गया है, जो उन्हें एक विशिष्ट और आकर्षक रूप प्रदान करता है। डिजाइन की बात करें तो, दोनों ही मॉडलों को मैट-फिनिश के साथ गहरे मिलिट्री ग्रीन बेस रंग में रंगा गया है, जिससे उनका स्पोर्टी अपील और भी निखर कर आता है। स्कूटर के फ्रंट एप्रन और साइड प्रोफाइल पर पीले और नारंगी रंग की आकर्षक पट्टियां दी गई हैं।

## एमेजॉन का भारत में 13 अरब डॉलर का नया निवेश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।** वैश्विक ई-कॉमर्स दिग्गज एमेजॉन ने भारत में अपने निवेश को और गति देने का ऐलान किया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद 13 अरब डॉलर (लगभग 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक) के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की। इस नई घोषणा के साथ, वर्ष 2030 तक भारत में एमेजॉन का कुल नियोजित निवेश लगभग 48 अरब डॉलर हो जाएगा। एंडी जेसी इस समय भारत दौरे पर हैं और उन्होंने राजधानी में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद इस बड़े निवेश का ऐलान किया। कंपनी ने छह महीने पहले 2030 तक भारत में अपने सभी कारोबारों में 35 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की थी, जिसमें अब यह अतिरिक्त 13 अरब डॉलर शामिल हो गए हैं। कुल 48 अरब डॉलर के इस निवेश में से, कंपनी लगभग 21 अरब डॉलर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्लाउड अवसंरचना के विस्तार पर खर्च करेगी। इससे मुंबई और हैदराबाद में एडब्ल्यूएस डेटा सेंटर क्षमता में बढ़ोतरी होगी..

# वैश्विक अस्थिरता में कमी से कच्चे तेल में गिरावट जारी, दाम 2.1 प्रतिशत तक घटे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।**



वैश्विक अस्थिरता में कमी से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी है और शुक्रवार को कच्चे तेल के बेंचमार्क में 2.1 प्रतिशत तक की कमजोरी देखने को मिली। हालांकि, ओमान के पास एक मालवाहक जहाज पर हमला होने के बाद भू-राजनीतिक स्तर पर उथल-पुथल में बढ़ोतरी हुई है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की कीमत 1.84 प्रतिशत कम होकर 74.11 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड फ्यूचर्स क दाम 2.10 प्रतिशत कम होकर 70.41 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

ओमान के पास एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात चीज से हमले के बाद, पिछले सेशन में देर शाम दोनों बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट्स में 2 प्रतिशत से अधिक की बढ़त देखी गई थी। इस घटना के कारण संयुक्त राष्ट्र की शिपिंग एजेंसी को अपना स्वैच्छिक निकासी कार्यक्रम भी रोकना पड़ा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका के दो अधिकारियों ने बताया ईरान ने एक मालवाहक जहाज पर तब गोलीबारी की, जब वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, ईरानी अधिकारियों का कहना था कि होर्मुज के तय रास्तों से बाहर चलने वाले जहाजों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। सुरक्षा को लेकर हालिया चिंताओं के बावजूद, ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई दोनों में हफ्ते में लगभग 8 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, क्योंकि होर्मुज स्ट्रेट से टैंकरों की आवाजाही में सुधार के बाद आपूर्ति में रुकावट की आशंका कम हो गई थी।

# भारत और यूके आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को गहरा करने के लिए तलाश रहे नए अवसरः गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।**



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूके एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों देशों के लिए इनोवेशन, निवेश और व्यापक विकास को बढ़ावा दे। बिजनेस और ट्रेड सेक्रेटरी पीटर काइल के साथ बातचीत के बाद गोयल ने कहा, 'इस बातचीत में वह आत्मीयता, भरोसा और भविष्य की सोच दिखी, जो हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की पहचान बनी हुई है।'

गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, '15 जुलाई, 2026 से भारत-यूके कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट (सीईटीए) और डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन (डीसीसी) के लागू होने के साथ, हम एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों देशों के लिए इनोवेशन, इन्वेस्टमेंट और व्यापक विकास को बढ़ावा दे।' इससे पहले, उन्होंने एक व्यापार जगत से जुड़े कार्यक्रम को संबोधित किया जिसमें भारत और यूके, दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स और इन्वेस्टर्स ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। गोयल ने कहा, 'मैंने वार्ता में इस बारे में बात की कि कैसे भारत-यूके कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट (सीईटीए) दोनों देशों में विकास और समृद्धि के लिए बड़े अवसर पैदा करेगा।' उन्होंने उनसे इस अहम समझौते का पूरा फायदा उठाने का आग्रह किया ताकि सहयोग को गहरा किया जा सके, व्यापार और निवेश को बढ़ावा जा सके और अलग-अलग सेक्टर में इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा सके। इससे पहले गोयल ने कहा था कि भारत-यूके कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट, व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी और रणनीतिक सेक्टर में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करके ग्लोबल इकॉनमी के लिए एक 'फोर्स मल्टीप्लायर' साबित होगा।

लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम के यूके-इंडिया वीक 2026 में बोलते हुए, गोयल ने कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच साझेदारी पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ी है और अब यह कई सेक्टर को शामिल करते हुए एक बहुत ही रणनीतिक रिश्ते में बदल गई है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध अब पारंपरिक व्यापारिक रिश्तों से आगे बढ़कर टेक्नोलॉजी, निवेश, रक्षा और जरूरी खनिजों में सहयोग तक फैल गए हैं।

## स्वर्णजयंती पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 26 जून ।** स्वर्णजयंती पार्क और उससे जुड़े मार्गों पर बढ़ती आपराधिक घटनाओं को देखते हुए निवासियों ने पार्क के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। इस संबंध में इंदिरापुरम आरडब्ल्यूए फेडरेशन के महासचिव सुदर्शन अवस्थी की ओर से साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा को ज्ञापन सौंपकर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि स्वर्णजयंती पार्क इंदिरापुरम का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और बच्चे आते हैं। कुछ समय से पार्क और आसपास के क्षेत्रों में चेन स्नेचिंग, मोबाइल फोन लूट और वाहनों से चोरी की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि स्वर्णजयंती पार्क की पूरी परिधि और उससे जुड़े प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, ताकि अपराध पर अंकुश लग सके। ज्ञापन की प्रति वार्ड-81 के पार्षद धीरज अग्रवाल को भी भेजी गई है।

## रंजिश में दो पक्ष भिड़े, फायरिंग और मारपीट में पांच घायल

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 26 जून ।** थाना भूपानी क्षेत्र के गांव कंवारा कलां स्थित ऋचा कंपनी के पास बुधवार शाम दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। आरोप है कि एक व्यक्ति को दो गोलियां लगी हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फायरिंग और मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना में एक पक्ष के सुनील और राजेश व दूसरे पक्ष के केशव, अजय और हरिदत्त घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर 25 जून को अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेश के अनुसार के बुधवार शाम करीब 5:30 से 6 बजे के बीच वह, सुनील और उनके साथी गाड़ी से जा रहे थे। आरोप है कि सामने से आई गाड़ी ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और विवाद बढ़ गया। सुनील के भतीजे सुमित बैसला ने आरोप लगाया कि गांव के पूर्व सरपंच केशव, उसके भाई अजय, पिता हरिदत्त और अन्य लोगों ने लाठी-डंडों, लोहे की रॉड व हथियारों से हमला किया।

## ट्रक की टक्कर से युवक हुआ घायल, काटना पड़ा पैर, रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 26 जून ।** कच्चा बलराम नगर कॉलोनी के सामने सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। इससे युवक घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान चिकित्सकों को युवक की जान बचाने के लिए पैर काटना पड़ा। मामले की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना दो जून को हुई।

लोनी के रब्बानी मस्जिद निवासी इम्तियाज, दिल्ली करावल नगर में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो जून को वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे। कच्चा बलराम नगर स्थित होटल के पास रोड पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने परिजन को सूचना देकर घायल को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया।


## ऑटो चालक की हत्या के विरोध में रोड जाम करने वाले 35 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 26 जून ।** ऑटो चालक आफताब हत्याकांड के बाद गढ़ी सबलू अंडरपास के नजदीक जाम लगाने वाले परिजन समेत 35 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें स्थानीय सभासद आदर्श प्रधान भी शामिल हैं। जाम लगाने के दौरान थानाप्रभारी का लोगों के साथ अभद्रभाषा का इस्तेमाल करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्य ने बताया कि गढ़ी सबलू अंडरपास के पास कुछ लोगों ने जाम लगाकर आमजन का रास्ता रोका था। पुलिस ने स्थानीय सभासद आदर्श कुमार, हिमांशु, शाहरूख, अब्दुल व मुस्तफा समेत 30 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसीपी ने बताया कि आजाद एंक्लेव कॉलोनी निवासी आफताब की मंगलवार रात विजय विहार कॉलोनी में नदीम ने साथियों के साथ मिलकर चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

# पति की हैवानियत का शिकार बनी छह माह की गर्भवती

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 26 जून ।** हरियाणा के फरीदाबाद जिले के पल्ला थाना क्षेत्र में छह माह की गर्भवती नेहा की हत्या कर दी गई। परिजनों ने पति अमित गुप्ता पर काम के विवाद में मारपीट कर पानी में डुबोकर मारने का आरोप लगाया। आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जांच कर रही है। परिवार पहले बच्चे के आने को लेकर उत्साहित था। पल्ला थाना क्षेत्र की पंचशील कॉलोनी के पार्ट-2 में छह माह की गर्भवती की हत्या कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि काम पर जाने को लेकर हुए विवाद के दौरान पति ने पत्नी से मारपीट की और पानी से भरी बाल्टी में उसका सिर डुबोकर उसे मार डाला। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 26 वर्षीय नेहा कुमारी के रूप में हुई है। वह मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर की रहने वाली थी। आरोपी पति अमित गुप्ता उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले का निवासी बताया गया है। दोनों की शादी 30 अप्रैल 2025 को हुई थी और वे पंचशील कॉलोनी स्थित अपने मकान में रह रहे थे। परिजनों के अनुसार, अमित गुप्ता दिल्ली के लाजपत नगर स्थित एक कंपनी में ग्राफिक डिजाइनर है। वह 5 दिन से काम पर नहीं जा रहा था। बृहस्पतिवार सुबह पत्नी नेहा ने उसे काम पर जाने को कहा तो दोनों में विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अमित ने नेहा के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने नेहा को घर में मृत अवस्था में पाया और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर पल्ला थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी भिजवा दिया। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। पुलिस




ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका सामने आई है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि आरोपी पति की तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच में सामने आया है कि वारदात के बाद अमित ने बदरपुर बॉर्डर के पास अलीपुर गांव में रहने वाले अपने चाचा को फोन किया। आरोप है कि उसने फोन पर कहा कि पत्नी की हत्या कर दी है और अब आगे क्या करना है, वह देख लें। इसके बाद आरोपी घर छोड़कर भाग गया। उसका मोबाइल फोन भी बंद बताया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि अमित अक्सर छोटी-छोटी बातों पर नेहा से विवाद करता था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। बताया जा रहा है कि नेहा पति को नियमित रूप से काम पर जाने के लिए कह रही थी। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और बाद में घटना हो गई। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पल्ला थाना पुलिस की टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस ने उसके परिचितों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ शुरू की है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे घटनाक्रम की स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

### पहले बच्चे के आने का था इंतजार, उत्साहित था पूरा परिवार

छह माह की गर्भवती नेहा की हत्या के मामले में आरोपी पति अमित गुप्ता पर पहले चुन्नी से गला दबाने और बाद में पानी से भरी बाल्टी में सिर डुबोकर हत्या करने का आरोप है। वारदात के बाद आरोपी अपने चाचा को फोन कर घटना की जानकारी देने के बाद भाग गया। पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। परिजनों के अनुसार, नेहा छह माह की गर्भवती थी और परिवार में पहले बच्चे के आने को लेकर सभी उत्साहित थे। नेहा और अमित की शादी 30 अप्रैल 2025 को हुई थी। शादी के बाद दोनों अपने भविष्य की योजनाएं बना रहे थे। परिजनों का कहना है कि आने वाले बच्चे को लेकर नेहा काफी खुश रहती थी और अक्सर परिवार से इस बारे में बातचीत करती थी। बताया गया है कि दंपती ने करीब एक माह पहले ही पंचशील कॉलोनी स्थित अपने नए मकान में गृह प्रवेश किया था। परिवार को उम्मीद थी कि नए घर में उनका जीवन बेहतर तरीके से आगे बढ़ेगा। गृह प्रवेश के बाद रिश्तेदारों और परिचितों का आना-जाना भी लगा हुआ था। इसी बीच हुई घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया।

# सिपाही को कुत्ते ने काटा, रास्ते में बाइक भिड़ने से हुए घायल

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 जून ।**

मधुबन बापूधाम क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय से जिला अस्पताल की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिसकर्मी की बाइक सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिसकर्मी के पैर की हड्डी टूट गई। आरोप है कि आरोपी बाइक चालक मौके पर बाइक छोड़कर भाग गया। मामले में कांस्टेबल सरवेज अली ने मधुबन बापूधाम थाने में केस दर्ज कराया है।

शिकायत में शामली के कैराना निवासी कांस्टेबल सरवेज अली ने बताया कि 20 जून को वह अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी उनके दोस्त कार्तिक शर्मा का फोन आया, जो एसीपी ट्रैफिक प्रथम के कार्यालय पुलिस लाइन में तैनात हैं। उन्हें कुत्ते ने काट लिया था। वह उसे संयुक्त अस्पताल लेकर जा रहे थे।

रात करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच जैसे ही वह केंद्रीय विद्यालय से अस्पताल की तरफ जाने वाली रोड पर पहुंचे तो तेज रफ्तार में आई बाइक ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह दोनों बाइक से नीचे गिर गए, जिसमें दोनों




को गंभीर चोटें आई और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आरोपी बाइक चालक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि कार्तिक को संयुक्त अस्पताल ले जाया गया।

उनका कहना है कि अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच की तो पता चला कि उनके बाएं पैर की हड्डी टूटकर मांस बाहर आ गया है, जिस कारण ऑपरेशन होगा। परिवार ने दूसरे अस्पताल में उनकी सर्जरी कराई। एसीपी कविनगर का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## 30 जून तक नहीं कराई ई-केवाईसी तो रुकेगी दो लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं की सब्सिडी

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 जून ।**

जिले के जिन घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई है, उन्हें 30 जून के बाद गैस सिलिंडर पर मिलने वाली सब्सिडी का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसका असर जिले के दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है। सबसे अधिक प्रभावित उज्ज्वला योजना के लाभार्थी होंगे, जिन्हें सरकार प्रति सिलिंडर 300 रुपये की सब्सिडी देती है।

जिले में घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 12 लाख से अधिक है। इनमें करीब 1.10 लाख उपभोक्ता उज्ज्वला योजना से जुड़े हैं। सामान्य घरेलू गैस उपभोक्ताओं को वर्तमान में करीब 24 रुपये की सब्सिडी मिल रही है, जबकि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलिंडर का लाभ दिया जाता है।

इसके बावजूद ई-केवाईसी कराने में सबसे अधिक पिछड़ने वाले उपभोक्ताओं में उज्ज्वला योजना के लाभार्थी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार 1.10 लाख लाभार्थियों में से करीब 51 हजार ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई है। जिले में ऐसे उपभोक्ताओं की कुल संख्या लगभग दो



लाख है, जिन्होंने अभी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की है। तेल कंपनियों और गैस एजेंसियों की ओर से उपभोक्ताओं को लगातार संदेश भेजकर ई-केवाईसी और मोबाइल फोन नंबर अपडेट कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि 30 जून तक प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ नहीं दिया जाएगा।

**आसान है ई-केवाईसी की प्रक्रियाः** जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया काफी आसान है। उपभोक्ता तेल कंपनियों की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर फेस ऑथेंटिकेशन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर सकते हैं। यदि किसी प्रकार की परेशानी आती है तो संबंधित गैस एजेंसी पर जाकर भी ई-केवाईसी कराई जा सकती है।

# दिल्ली प्रशासन में 57 अधिकारियों के तबादले

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।** दिल्ली सरकार के प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा फेरबदल करते हुए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को 57 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले और नई पोस्टिंग के आदेश जारी किए हैं। इस व्यापक फेरबदल में 14 एडहॉक दानिक्स और 43 वरिष्ठ आईएएस व दानिक्स अधिकारियों को शामिल किया गया है, जिसका सीधा असर दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं, जलापूर्ति (डीजेबी) और राजस्व विभाग के कामकाज पर पड़ेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे, ताकि जनहित के कार्यों में कोई देरी न हो।




प्रशासनिक स्तर पर सबसे बड़ा बदलाव अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) स्तर पर देखा गया है। बिपुल पाठक (आईएएस 1992) को समाज कल्याण के साथ-साथ अब महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) और अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार, नवीन कुमार चौधरी (आईएएस 1994) को सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण (आईएफसी) के साथ सामान्य प्रशासन विभाग (जीडीए) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। जितेंद्र यादव (आईएएस 2010) अब दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के साथ-साथ आईटी विभाग के सचिव की भूमिका भी निभाएंगे।

**स्वास्थ्य और जल बोर्ड में नई तैनातीः** दिल्ली की जनता के लिए सबसे राहत की बात यह हो सकती है कि स्वास्थ्य और जल बोर्ड जैसे विभागों में नए अधिकारियों की तैनाती की गई है। वैभव रिखारी (दानिक्स 2013) और विनय कुमार जिंदल (दानिक्स 2014), जो पहले मंत्रियों के सचिव के रूप में तैनात थे, उन्हें अब दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में निदेशक बनाया गया है।

स्वास्थ्य विभाग में यश चौधरी (आईएएस 2017) को अतिरिक्त वित्तीय शक्तियां दी गई हैं, ताकि विभागीय खर्चों और नई योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आ सके। इसके अलावा, मेखला चैतन्य प्रसाद (आईएएस 2015) को दक्षिण-पश्चिम जिले के डीएम पद से हटाकर स्वास्थ्य विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।

## फोटो स्टोरी



कंसास शहर में नीदरलैंड और ट्यूनीशिया के बीच फीफा विश्वकप फुटबॉल के ग्रुप एफ मुकाबले में खेलती हुई टीमें।

## लंदन जैनिक सिनर विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर उतरते ही रचेंगे इतिहास

**लंदन, यूटर्न/ 26 जून ।** अगले सप्ताह 29 जून को शुरू हो रही विंबलडन टेनिकस चैंपियनशिप में इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर अपना पहला मैच खेलते ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम करेंगे। विंबलडन में सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलना टेनिस के सबसे बड़े सम्मानों में से एक माना जाता है और मौजूदा चैम्पियन होने के कारण इस बार सिनर को ये सम्मान मिलेगा। वह ये सम्मान हासिल करने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। उन्होंने पिछले साल एकल खिताब जीतकर यह अधिकार हासिल किया है कि वह आगामी 2026 चैंपियनशिप की शुरूआत करेंगे। सिनर ने इस ऐतिहासिक अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, मेरे लिए सेंटर कोर्ट पर खेल की शुरूआत करना रोमांचक पल होगा। यहाँ का माहौल अनोखा है, दुनिया भर के टेनिस कोर्ट पर मिलने वाले किसी भी अनुभव से बिल्कुल अलग। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं चैंपियनशिप के पहले मैच के लिए उस लॉन और उस स्टेडियम में कदम रखूंगा। यह सम्मान सिनर की करियर की एक और बड़ी उपलब्धि है, जो उन्हें इटालियन टेनिस इतिहास में एक विशेष स्थान दिलाती है। सिनर की ही तरह पोलैंड की महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक भी अपनी करियर की सबसे यादगार जीतों में से एक वाली जगह पर लौटेंगी और दूसरे दिन खेल की शुरूआत करेंगी।



## प्रभास की झलक ने बढ़ाई फैंस की उत्सुकता

दक्षिण भारतीय सुपरस्टार प्रभास एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गए हैं। हाल ही में निर्देशक नाग अश्विन के साथ एक प्रमोशनल वीडियो सामने आया, जिसमें प्रभास के मोबाइल फोन पर कर्ण थीम वाले वॉलपेपर ने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस छोटे से संकेत को फैंस उनकी आने वाली फिल्म कल्कि 2 से जोड़कर देख रहे हैं और फिल्म में प्रभास के किरदार व कहानी को लेकर नई-नई थ्योरीज साझा कर रहे हैं। वीडियो सामने आने के कुछ ही घंटों के भीतर उसके स्क्रीनशॉट्स इंटरनेट पर वायरल हो गए, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता कई गुना बढ़ गई है। हालांकि फिल्म के निमार्ताओं की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर चचाओं का दौर तेज हो गया है। यह एक बार फिर साबित करता है कि प्रभास की फिल्मों को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना रहता है, और उनकी हर छोटी गतिविधि भी बड़ी खबर बन जाती है। इसी बीच, फिल्म निमार्ता संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी आगामी फिल्म स्पिरिट से जुड़ा एक रहस्यमयी पोस्टर साझा करके भी हलचल मचा दी है।

## रणजी ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में वापसी करना चाहते हैं आवेश

**मुम्बई, यूटर्न/ 26 जून ।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज आवेश खान का लक्ष्य अब रणजी ट्रॉफी मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर टीम में जगह हासिल करना है। आवेश ने भारतीय टीम की ओर से अपना अंतिम मैच दो साल पहले खेला था। उसके बाद से ही वह टीम में वापसी करने में असफल रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने अपने करियर की शुरूआत में लगातार 140 किमी/घंटा से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींचा था पर लगातार चोटिल होने से वह टीम में अंदर-बाहर होते रहे। वहीं अब वह वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और इस सत्र में रणजी ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन करके चयनकताओं का ध्यान खींचना चाहते हैं। आवेश इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीए) में भी प्रभावित नहीं कर पाये जिसका नुकसान उनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स को भी हुआ। वह आजकल मध्य प्रदेश टी20 लीग में चंबल घड़ियाल टीम से खेल रहे हैं।




29 वर्षीय आवेश पिछले साल आईपीएल के बाद घुटने की सर्जरी के कारण घरेलू सत्र नहीं खेल पाए थे। अब पूरी तरह फिट होने के बाद वे पूरा घरेलू सीजन खेलना चाहते हैं और अपनी टीम मध्य प्रदेश को रणजी ट्रॉफी जिताना चाहते हैं। आवेश ने एक कहा, पिछले साल में फिट नहीं होने के कारण घरेलू सत्र से बाहर रहा था पर इस साल मैं पूरा घरेलू सीजन खेलने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं लाल गेंद क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं अपनी टीम के लिए रणजी ट्रॉफी जीतना चाहता हूं और मेरा लक्ष्य भारतीय टीम में वापसी करना है और यह तभी संभव होगा जब मैं घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करूं। मुझे विकेट लेने और अपनी टीम के लिए मैच जिताने की जरूरत है। यही मेरा मुख्य लक्ष्य है। आवेश ने कहा कि वे अपनी ताकत और फिटनेस (स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग) पर विशेष ध्यान देना चाहते हैं और साथ ही अपने काम के बोझा को भी प्रबंधित करना चाहते हैं जिससे घरेलू सीजन के दौरान चोट न लगे। राष्ट्रीय टीम के लिए 25 टी20 इंटरनेशनल और 8 एकदिवसीय मैच खेल चुके इस गेंदबाज ने कहा, मैं सफेद और लाल गेंद दोनों तरह के प्रारुपों में खेलूंगा, खासकर विजय हजारे ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी में। मेरा ध्यान बहुत आगे की सोचने का नहीं है। मैं बस यही सोचता हूं कि जब विजय हजारे ट्रॉफी का समय आएगा, तो मुझे अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक विकेट लेकर उसे जीत दिलाना है। इस दौरान मेरा ध्यान अपनी फिटनेस पर भी ध्यान देना रहेगा।

## अगर खो जाऊं, तो मुझे शिखर के पास पहुंचा देना: जाह्नवी कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने एक ऐसा कदम उठाया है, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है और उनकी रोमांटिक अदाओं की हर तरफ चर्चा हो रही है। उनकी एक बेहद कूल और अनोखी तस्वीर सामने आई है, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। एक इंस्टाग्राम पेज पर जाह्नवी कपूर की एक नई तस्वीर साझा की गई, जिसमें वह बेहद स्टाइलिश गुलाबी रंग के नाइटसूट और ग्रे जैकेट में नजर आ रही थीं। लेकिन इस तस्वीर में सबसे खास बात उनका कस्टमाइज्ड नाइटसूट था, जिस पर एक मजेदार और बेहद प्यारा मैसेज प्रिंटेड था। जाह्नवी के इस आउटफिट पर साफ तौर पर लिखा था, 'अगर मैं खो जाऊं, तो प्लीज मुझे शिखर पहाड़िया के पास वापस पहुंचा देना।' यह मैसेज देखते ही सोशल मीडिया पर फैंस जाह्नवी के इस रोमांटिक अंदाज के दीवाने हो गए। यह तस्वीर सामने आते ही तुरंत वायरल हो गई और लोग इस पर जमकर कमेंट्स करने लगे। जाह्नवी कपूर के इस खुलेआम इजहार-ए-मोहब्बत पर उनके फैंस और फॉलोअर्स भी दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं।

एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यह बहुत ही प्यारा है', जबकि दूसरे ने इसे 'कितना क्यूट' बताया। कई फैंस तो इसे 'रिलेशनशिप गोल्स' तक कहने लगे। जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया पिछले काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, दोनों ने आधिकारिक तौर पर कभी भी अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है, लेकिन वे अक्सर सोशल मीडिया और सार्वजनिक स्थानों पर इशारों-इशारों में अपने प्यार का इजहार करते रहते हैं। इससे पहले भी जाह्नवी कपूर को शिखर पहाड़िया के नाम का कस्टमाइज्ड नेकलेस पहने हुए देखा गया था, जो उनके रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों को और हवा देता था। वहीं, शिखर भी जाह्नवी की तस्वीरें अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करते रहते हैं।

पिछले साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में जब जाह्नवी अपनी फिल्म 'होमबाउंड' के प्रीमियर के लिए रेड कार्पेट पर उतरी थीं, तब शिखर भी उनके साथ वहां मौजूद थे, जिसने उनके रिश्ते की गंभीरता को और पुख्ता कर दिया था। शिखर पहाड़िया, बिजनेसमैन संजय पहाड़िया और स्मृति संजय शिंदे के बेटे हैं। उनके नाना, सुशील कुमार शिंदे, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। शिखर की मां स्मृति, सुशील कुमार शिंदे की बेटी हैं। जाह्नवी और शिखर का रिश्ता कोई नया नहीं है, बल्कि दोनों का कनेक्शन सालों पुराना है। खबरों की मानें तो उन्होंने पहली बार साल 2016 में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था। हालांकि, साल 2018 में जब जाह्नवी ने फिल्म 'धड़क' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया, तो उसके कुछ समय बाद दोनों की राहें जुदा हो गई थीं और इनका ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद काफी समय तक दोनों अलग रहे, लेकिन साल 2023 में इनके पैचअप की खबरें तब आने लगीं, जब दोनों को लगातार कई मौकों पर साथ देखा जाने लगा। तब से लेकर अब तक, जाह्नवी और शिखर को अक्सर बड़े इवेंट्स, फैमिली फंक्शन्स और मंदिरों में एक साथ दर्शन करते हुए स्पॉट किया जाता है। दोनों की यही बढ़ती नजदीकियां फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी रहती हैं। जाह्नवी कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में फिल्म 'पेद्दी' में राम चरण के साथ नजर आईं, जो बुच्ची बाबू सना के निर्देशन में बनी है।





## माधुरी दीक्षित ने फिल्मी दुनिया के लिए छोड़ी पढ़ाई

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। अपनी बेहतरीन अदाकारी, शानदार नृत्य और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के जरिए उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में एक खास मुकाम हासिल किया है। लाखों-करोड़ों दिलों पर राज करने वाली माधुरी ने अपने चमकते फिल्मी करियर को आगे बढ़ाने के लिए पढ़ाई के दौरान ही एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया था, जिसके बारे में जानकर कई लोग हैरान रह जाते हैं कि बॉलीवुड की यह क्वीन कितनी पढ़ी-लिखी हैं। माधुरी ने अपनी शुरूआती शिक्षा मुंबई के डिवाइन चाइल्ड हाई स्कूल से पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने सथाए कॉलेज में बीएससी माइक्रोबायोलॉजी कोर्स में दाखिला लिया। हालांकि, अभिनेत्री ने इस कोर्स के पहले वर्ष में ही अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी। एक इंटरव्यू के दौरान माधुरी ने बताया कि 12वीं खत्म होते ही उन्हें अबोध फिल्म का ऑफर मिल गया था, जिससे वह काफी असमंजस में थीं। उन्होंने कभी एक्ट्रेस बनने के बारे में सोचा ही नहीं था, लेकिन किस्मत ने उनके लिए कुछ और ही तय कर रखा था। इसके बाद जब माधुरी ने फिल्म तेजाब में काम किया, तो उन्हें रातों-रात जबरदस्त सफलता मिली।

## फटाफट खबरें

### कांगो में इबोला से मरने वालों की संख्या 300 के पार: मंत्रालय

**इथियोपिया, यूटर्न/ 26 जून ।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला से मरने वालों की संख्या 300 से ज्यादा हो गई है और इसके 1,155 मामलों की पुष्टि की गयी है। डीआरसी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा, 'यह महामारी इतुरी, नॉर्थ किवु और साउथ किवु प्रांतों में अभी भी फैली हुई है... जिसमें 1,155 कन्फर्म मामले और 304 मौतें शामिल हैं।' पिछले बुलेटिन की तुलना में बीमारी से मौत की दर (केस फेटैलिटी रेट) में एक प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी हुई है और यह 26.3 फीसदी तक पहुँच गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मई में डीआरसी और युगांडा में इबोला के प्रकोप को एक ऐसे आपातकाल के तौर पर वर्गीकृत किया था जिससे दूसरे देशों के लिए भी खतरा हो सकता है। संगठन का मानना है कि इसके और फैलने का क्षेत्रीय खतरा ज्यादा है।

### ईरान-अमेरिका वार्ता की सबसे बड़ी उपलब्धि सैन्य संवाद तंत्र : वेंस

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 26 जून ।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि स्विट्जरलैंड में ईरान के साथ हुई वार्ता की सबसे बड़ी उपलब्धि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के बीच प्रत्यक्ष सैन्य संवाद तंत्र स्थापित करने पर सैद्धांतिक सहमति है। श्री वेंस ने कहा कि प्रस्तावित तंत्र के तहत कतर के दोहा में आईआरजीसी और सेंटकॉम के प्रतिनिधि भविष्य में सैन्य तनाव और विवादों को कम करने के लिए सीधे संपर्क में रहेंगे। उन्होंने कहा कि बर्गेनस्टॉक वार्ता में यह व्यवस्था होरमुज जलडमरूमध्य में नौवहन की सुरक्षा और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर जारी वार्ता जैसे विश्वास बहाली उपायों का पूरक होगी। श्री वेंस ने कहा कि स्विट्जरलैंड में हुआ समझौता अंतिम नहीं बल्कि व्यापक समझौते की दिशा में एक प्रारंभिक रूपरेखा है, जिसका उद्देश्य तनाव कम करना और परमाणु समझौते का रास्ता तैयार करना है।

### फ्रांस में भीषण गर्मी से लाखों मुर्गियों की मौत

**पेरिस, यूटर्न/ 26 जून ।** फ्रांस में पड़ रही रिकॉर्ड तोड़ भीषण गर्मी ने देश के पोल्ट्री फार्मों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जहां लाखों की संख्या में मुर्गियां गर्मी सहन न कर पाने के कारण मर गई हैं। देश के कई हिस्सों में तापमान इतना बढ़ गया है कि मृत पक्षियों को उठाने वाली सेवाओं पर भी अत्यधिक दबाव आ गया है। इस भयावह स्थिति के पीछे वैज्ञानिक ग्लोबल वार्मिंग के साथ-साथ अल-नीनो जैसी मौसमी घटनाओं की भूमिका बता रहे हैं, जो दुनिया भर में ऐसी खतरनाक गर्मी को बढ़ा रही हैं। फ्रांस के दो प्रमुख पोल्ट्री उत्पादक क्षेत्र, ब्रिटनी और पेज द ला लॉयर, इस गर्मी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। ये दोनों क्षेत्र मिलकर फ्रांस की कुल पोल्ट्री आबादी का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन करते हैं। पोल्ट्री संगठनों के अनुसार, अब तक कई लाख मुर्गियों की मौत हो चुकी है, हालांकि अंतिम आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है। कुछ किसानों ने बताया कि जहां सामान्य दिनों में केवल एक-दो पक्षियों की मौत होती थी, वहीं इस गर्मी में कुछ ही दिनों के भीतर सैकड़ों मुर्गियां दम तोड़ रही हैं।

# वेनेजुएला के मुश्किल वक्त में भारत बना सहारा शुरू हुआ 'ऑपरेशन अमिस्ताद'

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 जून ।**



उत्तरी वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने मानवीय सहायता और आपदा राहत के तहत 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से भारत ने प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की पहल की है। इसके लिए भारतीय सेना की एक विशेष मेडिकल टुकड़ी को वेनेजुएला रवाना किया गया है। भारतीय सेना के 60 पैरा फील्ड हॉस्पिटल से 41 सदस्यीय दल, भारतीय वायुसेना के दो विमानों से वेनेजुएला के लिए रवाना हुआ है। इनमें नौ अनुभवी सैन्य चिकित्सक भी शामिल हैं। यह दल वेनेजुएला के आपदा-प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, गंभीर रूप से घायल लोगों का उपचार, सर्जरी, ट्रॉमा प्रबंधन तथा प्रभावित लोगों को गहन चिकित्सा प्रदान करेगा। भारतीय सेना के अनुसार उनकी यह मेडिकल टीम अपने साथ लगभग छह टन चिकित्सा सामग्री और मानवीय राहत सामग्री लेकर गई है। इनमें भारत के आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत विकसित अत्याधुनिक भीष्म क्यूब भी शामिल है। यह एक मॉड्यूलर और तेजी से तैनात किया जा सकने वाला फील्ड अस्पताल है। यह एक ऐसा सिस्टम है जो आपदा प्रभावित क्षेत्रों में उन्नत ट्रॉमा केयर, आपातकालीन सर्जरी और गहन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसी बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि ऑपरेशन अमिस्ताद जारी है। उन्होंने लिखा, ''भारतीय वायु सेना के दो सी-17 विमान भूकंप प्रभावित वेनेजुएला के राहत एवं बचाव प्रयासों में सहायता के लिए तत्काल राहत सामग्री लेकर रवाना हुए। इस सहायता में भारतीय सेना की फील्ड हॉस्पिटल यूनिट के साथ 35 टन से अधिक राहत सामग्री, दवाइयां और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा दो भीष्म क्यूब भी भेजे गए हैं। भारत इस कठिन समय में वेनेजुएला की सरकार और वहां के लोगों के साथ खड़ा है तथा हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।'' भीष्म क्यूब की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह कम समय में स्थापित होकर लगभग 200 मरीजों तक को उपचार और जीवनरक्षक सुविधाएं प्रदान कर सकता है।

# मुस्लिम देशों में नहीं बल्कि पाकिस्तान में सुधरी अमेरिका की छवि

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 26 जून ।** अमेरिकी शोध संस्था प्यू रिसर्च सेंटर की हालिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान युद्ध के दौरान पाकिस्तान ऐसा एकमात्र मुस्लिम-बहुल देश रहा, जहां अमेरिका के प्रति लोगों की धारणा में सुधार दर्ज किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता प्रक्रिया में पाकिस्तान की मध्यस्थ भूमिका को लेकर वहां के लोगों के बीच अमेरिका की छवि अपेक्षाकृत बेहतर हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल के घटनाक्रमों के बाद पाकिस्तान में अमेरिका को लेकर सकारात्मक सोच में कुछ वृद्धि देखी गई है। हालांकि, यह बदलाव अमेरिकी नेतृत्व या उसकी नीतियों पर पूर्ण विश्वास के रूप में सामने नहीं आया है। सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान के 82 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर भरोसा नहीं है, जबकि केवल 12 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उन पर विश्वास जताया। इससे स्पष्ट होता है कि अमेरिका की छवि में सुधार के बावजूद उसके नेतृत्व को लेकर व्यापक स्तर पर संदेह बना हुआ है।

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि 76 प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिक मानते हैं कि अमेरिका उनके देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है। यह आंकड़ा दोनों देशों के संबंधों को लेकर पाकिस्तान की जनता के मन में मौजूद अविश्वास और आशंकाओं को दर्शाता है।

## फोटो स्टोरी



वेनेजुएला की राजधानी कराकास में आये भीषण भूकंप के बाद मलबे ढेर में बदली हुई इमारतें।

# 12 साल के बच्चे ने 6 घंटे तक हाईवे पर दौड़ाई कार

**बीजिंग, यूटर्न/ 26 जून ।** चीन के गुआंग्शी शहर में एक अविश्वसनीय घटना सामने आई है, जहां लगभग 12 साल के एक लड़के ने 6 घंटे तक अकेले हाईवे पर कार दौड़ाई। जब पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसने खुद को बौनापन का शिकार बताया और दावा किया कि वह एक वयस्क है। इस घटना ने पुलिस और सोशल मीडिया यूजर्स दोनों को हैरान कर दिया है, क्योंकि यह न केवल सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा था बल्कि एक बच्चे की असाधारण हिम्मत और गैर-जिम्मेदारी को भी उजागर करता है। लुओ नाम के इस लड़के को 15 जून को एक टोल प्लाजा कर्मचारी ने पहली बार देखा। उसकी कद-काठी बेहद छोटी थी, जिस कारण कर्मचारी को तुरंत शक हुआ कि यह व्यक्ति वाहन चलाने के लिए बहुत छोटा है। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने दावा किया कि वह एक वयस्क है, लेकिन वह बौनापन से पीड़ित है।

# आवारा कुत्तों-बिल्लिअमेरिकी वीजा प्रोसेसिंग के लिए एआई को बढ़ावा देने की योजना बना रही है ट्रंप सरकार

**» वाशिंगटन, यूटर्न/ 26 जून ।**




अमेरिका के गृह सुरक्षा सचिव मार्कवेन मुलिन ने सांसदों को बताया कि ट्रंप सरकार यूएस वीजा प्रोसेसिंग और लीगल इमिग्रेशन सर्विस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बदलाव करने की योजना बना रहा है। इसमें एक नया मोबाइल एप्लीकेशन भी शामिल है, जिसका मकसद अप्रूवल में तेजी लाना, पेपरवर्क कम करना और दक्षता में सुधार करना है।

देश के अंदर सुरक्षा को लेकर हाउस एप्रोप्रिएशन सब-कमेटी के सामने पेश होते हुए मुलिन ने कहा कि गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) इमिग्रेशन सिस्टम को आधुनिक बना रहा है ताकि लीगल माइग्रेशन तेजी से हो सके और साथ ही सुरक्षा निगरानी भी ज्यादा सख्त रहे। मुलिन ने कहा, 'हम अभी ऐसे सिस्टम बना रहे हैं ताकि एक ऑटोमेटेड सिस्टम के जरिए ऐसा किया जा सके।' उन्होंने कहा, 'पहला एआई-इनेबल्ड प्लेटफॉर्म 30 दिनों के अंदर चालू हो जाएगा। शुरुआती रोलआउट का फोकस डेफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स (डीएसीए) प्रोग्राम के तहत आवेदन प्रक्रिया में बैकलॉग को कम करना होगा।' मुलिन ने कहा कि विभाग अपने आवेदन प्रक्रिया को भी रीडिजाइन कर रहा है ताकि उन गलतियों को कम किया जा सके जिनसे अक्सर वीजा अप्रूवल में देरी होती है। उन्होंने कहा, 'हम इसे ऐसे सिस्टम में क्यों नहीं ले जा सकते कि आप पेपरवर्क तब तक सबमिट न कर सकें जब तक वह सही तरीके से भरा न जाए? तकनीक मौजूद है, हमें बस उसे अपनाना है।'

# बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ वार्ता की

**» ढाका, यूटर्न/ 26 जून ।**



बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने शुक्रवार को बीजिंग स्थित ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह चीन की उनकी चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक रहा। इस दौरान दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के अतिरिक्त प्रेस सचिव अतिकुर रहमान रुमोन के अनुसार, प्रधानमंत्री तारिक रहमान और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शुक्रवार सुबह बीजिंग में द्विपक्षीय वार्ता शुरू हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता महदी अमीन ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच व्यापार, निवेश, बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और अन्य साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा होने की उम्मीद है। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, प्रधानमंत्री तारिक रहमान इस बैठक में बांग्लादेश के हितों से जुड़े कई अहम मुद्दे राष्ट्रपति शी जिनपिंग के समक्ष उठाने वाले हैं। यह बैठक गुरुवार को चीन के प्रधानमंत्री ली च्यांग के साथ तारिक रहमान की द्विपक्षीय वार्ता के बाद हुई। उस बैठक में तीस्ता परियोजना, व्यापार और निवेश जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई थी। साथ ही दोनों देशों के बीच दो समझौतों और 13 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए गए। बैठक के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'दोनों प्रधानमंत्रियों ने उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठक का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप दो समझौतों और 13 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह बांग्लादेश-चीन सहयोग और साझेदारी को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *